<u>स्पीड पोस्ट एवं ईमेल</u>


राजस्थान–सरकार

**प्राविधिक शिक्षा मण्डल, राजस्थान, जोधपुर**

W-6, गौरव पथ, रेजिडेन्सी रोड, जोधपुर (राज.)

फोन न.– 0291–2430440/2636572 e-mail : bter.jodhpur@rajasthan.gov.in


क्रमांकः एफ( )/प्राशिमं/ उपापन/ई–बोली/2022–23/ 1913 दिनांक : 21.4.2023

प्रेषिति–
मैसर्स एस.वी.जी. एक्सप्रेस सर्विस प्रा0 लिमिटेड,
सी–114 एफ, रोड नंम्बर–8, वी.के. आई. एरिया,
जयपुर (राज0)
ईमेल–accounts@svgjpr.com

**विषय–** मण्डल की सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षाओं से सम्बंधित परीक्षा केन्द्रों पर गोपनीय सामग्री पंहुचाने एवं परीक्षा पश्चात उत्तरपुस्तिकाओं को परीक्षा केन्द्रों से मण्डल में लाने के परिवहन कार्य की द्वि–वर्षीय दर संविदा हेतु दर अनुमोदन हेतु।

**संदर्भ–** ई–बोली सूचना संख्या 08/2022–23 के क्रम में प्रस्तुत आपकी ई–बोली बाबत।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत एवं संदर्भित ई–बोली सूचना संख्या 08/2022–23 की परिवहन कार्य की द्वि–वर्षीय दर संविदा हेतु बोली प्रक्रिया में विहित शर्तो के अध्यधीन आपकी वित्तीय बोली न्यूनतम होने के क्रम में सफल बोलीदाता के रूप में आपकी बोली अर्हक पाए जाने से बोली दस्तावेज में विहित शर्तों के अध्यधीन निम्नानुसार दर अनुमोदित की जाती है :–

| क्र. सं. | उपापन का विवरण | अनुमोदित दर (जी.एस.टी. आदि समस्त कर देयताओं सहित) | द्वि–वर्षीय दर संविदा की अनुमानित आदेशित आपूर्ति की मात्रा | द्वि–वर्षीय दर संविदा की संभावित भुगतान राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मण्डल की सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षाओं से सम्बंधित परीक्षा केन्द्रों पर गोपनीय सामग्री का पंहुचाने एवं परीक्षा पश्चात उत्तरपुस्तिकाओं को परीक्षा केन्द्रों से मण्डल में लाने के परिवहन कार्य की द्वि–वर्षीय दर संविदा हेतु **(सेवा विवरण बोली दस्तावेज के SR15 में वर्णित बिन्दु अ,ब,स के अनुसार)** | रूपये 35.90 प्रति किलोग्राम | 120 टन | रू 43,08,000.00 |

शर्ते :–

1. इस दर अनुमोदन की जारी दिनांक से **07 दिवस** की अवधि में 500/– (रूपये पांच सौ) मात्र के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर संवेदक को अनुबंध का निष्पादन बोली दस्तावेजों में वर्णित **एस. आर. 17** के प्रारूप में करना अनिवार्य होगा।
2. इसी प्रकार बोली की शर्तों अनुसार संवेदक को 05 प्रतिशत कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि रूपये 215400/–भी करार से पूर्व जमा करानी होगी। (बोली प्रतिभूति राशि रूपये 88000/– को समायोजित किए जाने पर कार्य सम्पादन प्रतिभूति की अन्तर राशि रूपये 127400/– जमा करवानी होगी।)
3. कार्य सम्पादन प्रतिभूति की राशि बैंकर चैक/डिमान्ड ड्राफ्ट के रूप में ही जमा की जाएगी, जो कि **'Secretary, Board of Technical Education Rajasthan, Jodhpur'** के पक्ष में जारी होकर **जोधपुर** स्थित बैंक शाखा में देय हों।

Signature valid

Digitally signed by Ranju Gupta
Designation : Joint Director
Date: 2023.04.21 1?:31:07 IST
Reason: Approved

**RajKaj Ref No. : 3695157**

4. **बोली दस्तावेज के उपबंधों में वर्णित अनुसार 05 प्रतिशत राशि की किसी राष्ट्रीयकृत सार्वजनिक बैंक द्वारा जारी तीन वर्ष की बैंक गारंटी भी अतिरिक्त कार्य संपादन प्रतिभूति के बतौर सात दिवस में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।**
5. उक्त बिन्दु संख्या (01) से (04) के अनुरूप कार्य सम्पादन प्रतिभूति, बैंक गारंटी के जमा कराए जाने एवं करार निष्पादन के पश्चात् ही दर अनुमोदन के क्रम में कार्यादेश पृथक से जारी किया जा सकेगा।
6. सामग्री की आपूर्ति के कार्य में पूर्ण गोपनीयता एवं सतर्कता बरती जाए। संतोषजनक आपूर्ति का प्रमाणपत्र संबंधित समस्त आपूर्ति हेतु निर्धारित केन्द्रों/संस्थानों के कार्यालयों से प्राप्त कर भुगतान हेतु विपत्र (03 प्रतियों में) के साथ संलग्न कर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
7. सामग्री के परिवहन के दौरान रफ हैंडलिंग की स्थिति में भी सामग्री को कोई क्षति कारित नहीं हों तथा सुरक्षित रूप से गन्तव्य तक पहुंचायी जाए।
8. यह कार्य अत्यन्त गोपनीय एवं संवेदनशील प्रकृति का है जिससे यह अपेक्षा की जाती है कि आप सौंपे गए कार्य का दायित्व पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करते हुए पूरा करेंगे, अन्यथा शास्ति सहित अन्य कानूनी कार्यवाही की जा सकेगी।
9. परीक्षा कार्यक्रम की तिथियां निश्चित किए जाने पर तदनुसार कार्य करना होगा। परीक्षा केन्द्रों की सूची,,रूटचार्ट आदि हेतु मण्डल कार्यालय की गोपनीय शाखा के सक्षम प्राधिकारी से संपर्क करना अपेक्षित होगा।
10. वाहन एवं सामग्री की तुलाई कार्यालय के अधिकृत व्यक्ति के समक्ष करवाई जाएगी। तुलवाई की रसीदें विपत्र (03 प्रतियों) के साथ सक्षम प्राधिकारी से प्रमाणित करवाकर भुगतानार्थ प्रस्तुत करनी अनिवार्य होगी।
11. परिवहन कार्य में बन्द बॉडी के वाहन, ताले लगाने की सुविधा सहित, (जैसे टाटा 407, महेन्द्रा पिकअप, कैम्पर, लोडिंग टैक्सी, बोलेरो आदि) वाहन प्रयुक्त करने होगें।
12. संवेदक फर्म द्वारा गोपनीय दस्तावेज एवं उत्तरपुस्तिकाएं अपने अधिकृत प्रतिनिधियों के माध्यम से प्राप्त करने के संबंध में प्रत्येक अधिकृत व्यक्ति को एक फोटोयुक्त पहचान पत्र एवं अधिकृति प्रदान करना अनिवार्य होगा। इसके अभाव में मण्डल अथवा परीक्षाकेन्द्रों पर सामग्री की सुपुर्दगी नहीं की जाएगी।
13. बोली की अन्य समस्त शर्ते, उपबन्ध,बिन्दु आदि यथावत लागू रहेंगे। किसी भी विवाद की स्थिति में वादकरण हेतु न्यायक्षेत्र जोधपुर होगा।

**संयुक्त निदेशक एवं सचिव**

क्रमांकः एफ( )/प्राशिमं/ उपापन/ई–बोली/2022–23/ दिनांक :

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निदेशक/वित्तीय सलाहकार महोदय, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, राजस्थान, जोधपुर।
2. संयुक्त निदेशक (गोपनीय) प्राविधिक शिक्षा मण्डल, राजस्थान, जोधपुर।
3. श्री सूर्यकान्त, सहायक प्रोग्रामर, प्राविधिक शिक्षा मंडल, राजस्थान, जोधपुर को eproc एवम् एस.पी.पी.पी. पोर्टल सहित विभागीय वेबसाइट पर आवश्यक दस्तावेजों सहित अपलोड कराने हेतु प्रेषित है।
4. कोषाधिकारी (शहर) कोष कार्यालय जोधपुर।
5. बिल शाखा/ गोपनीय शाखा/भण्डार शाखा, प्राविधिक शिक्षा मण्डल, जोधपुर ।

**संयुक्त निदेशक एवं सचिव**

Signature valid
Digitally signed by Ranju Gupta
Designation: Joint Director
Date: 2023.04.21 17:31:07 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 3695157